नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति की राजभाषा चल शील्ड २०२१ में हिंदी प्रयोग प्रसार हेतु उष्णकटिबंधीय वन अनुसन्धान संस्थान, जबलपुर द्वितीय पुरस्कार से सम्मानित

जबलपुर नगर स्थित केन्द्रीय कार्यालयों, उपक्रमों एवं संस्थानों की 47 सदस्यीय नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्यालय क्रमांक 02, जिसका उष्णकटिबंधीय वन अनुसंधान संस्थान जबलपुर सदस्य कार्यालय है, की दिनांक 23 दिसंबर, 2021 को रेल सौरभ ऑफिसर्स क्लब मे श्री सुधीर कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर की अध्यक्षता में 9वीं छमाही बैठक संपन्न हुई जिसमें में संस्थान की ओर से श्रीमती नीलू सिंह, वैज्ञानिक-जी एवं समूह समन्वयक (अनुसंधान), डॉ. ननिता बेरी, वैज्ञानिक-ई एवं प्रभागाध्यक्ष विस्तार प्रभाग, श्री विजयकुमार, सहायक निदेशक (रा.भा.) तथा श्री अल्फ्रेड फ्रांसिस, वरि.तकनीकी अधिकारी ने भाग लिया । बैठक के दौरान, 47 सदस्यीय नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति कार्यालय क्रमांक 02, सदस्य कार्यालयों में राजभाषा हिन्दी का सर्वाधिक एंव सराहनीय कार्य के लिए इस संस्थान को द्वितीय पुरस्कार के रूप में शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया ।

श्रीमती नीलू सिंह, वैज्ञानिक-जी एवं समूह समन्वयक (अनुसंधान), डॉ. ननिता बेरी, वैज्ञानिक-ई एवं प्रभागाध्यक्ष विस्तार प्रभाग, द्वारा नराकास कार्यालय क्रमांक 02 के अध्यक्ष श्री सुधीर कुमार गुप्ता, महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर के करकमलों से शील्ड प्राप्त करते हुए ।